Save & Print

Roll No:
Application No:
Name:
Exam Date: **08-Oct-2020**
Exam Time: **15:00-18:00**
Examination: **1. Course Code - M.A./M.Sc./M.C.A.**
**2. Field of Study - HINDI (HNDM)**

**SECTION 1 - SECTION 1**

**Question No.1 (Question Id - 41)**
रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी का ‘ स्टील ’ किस निबन्धकार को कहा है ?
(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(B) **बालकृष्ण भट्ट (Correct Answer)**
(C) बालमुकुन्द गुप्त
(D) प्रतापनारायण मिश्र

**Question No.2 (Question Id - 69)**
निम्न में से कौन ‘अज्ञेय’ का काव्य संग्रह **नहीं** है ?
(A) भग्नदूत
(B) आँगन के पार द्वार
(C) सागर मुद्रा
(D) **कुछ कविताएँ (Correct Answer)**

**Question No.3 (Question Id - 97)**
निम्नलिखित कहानियों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** क्रम बताइये :
(A) ग्यारह वर्ष का समय, प्लेग की चुड़ैल, एक टोकरी भर मिट्टी, दुलाईवाली
(B) ग्यारह वर्ष का समय, एक टोकरी भर मिट्टी, दुलाईवाली, प्लेग की चुड़ैल
(C) **एक टोकरी भर मिट्टी, प्लेग की चुड़ैल, ग्यारह वर्ष का समय, दुलाईवाली (Correct Answer)**
(D) एक टोकरी भर मिट्टी, ग्यारह वर्ष का समय, प्लेग की चुड़ैल, दुलाईवाली

**Question No.4 (Question Id - 18)**
निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है ।

**अभिकथन (A) :**

आधुनिकता का मूल सरोकार विवेकशीलता से है ।

**तर्क (R) :**

आधुनिकता सदैव परम्परा विरोधी होती है ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए ।

(A) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है ।
(B) **(A) सही, परन्तु (R) गलत है । (Correct Answer)**
(C) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है ।
(D) **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है ।

**Question No.5 (Question Id - 30)**
“इनकी सी विशुद्ध, सरस और शक्तिशाली ब्रजभाषा लिखने में और कोई कवि समर्थ नहीं हुआ” - रामचंद्र शुक्ल का यह कथन किस कवि के लिए कहा गया है ?

(A) सूरदास
(B) **घनानंद (Correct Answer)**

(C) ○ रसनिधि

(D) ○ नंददास

**Question No.6 (Question Id - 29)**

कहाँ करुणानिधि केशव सोए ?

जागत नाहिं अनेक जतन करि भारतवासी रोए ।

उक्त पंक्तियाँ किस नाटक से ली गई हैं ?

(A) ○ वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति

(B) ○ अंधेर नगरी

(C) ○ भारतदुर्दशा

(D) ○ **नीलदेवी (Correct Answer)**

**Question No.7 (Question Id - 96)**

निम्न में से कौन सी कहानी के रचनाकार 'अमरकान्त' **नहीं** हैं ?

(A) ○ नौकर

(B) ○ **महुए का पेड़ (Correct Answer)**

(C) ○ जिन्दगी और जोंक

(D) ○ डिप्टी कलक्टरी

**Question No.8 (Question Id - 70)**

'बिम्ब' और 'चित्र' की सर्वाधिक भूमिका किसमें है ?

(A) ○ नागार्जुन

(B) ○ मुक्तिबोध

(C) ○ **शमशेर (Correct Answer)**

(D) ○ धूमिल

**Question No.9 (Question Id - 27)**

ज्यों ज्यों निहारिए नेरे ह्वै नैननि

त्यों त्यों खरी निकरै सी निकाई ।

उक्त काव्य-पंक्ति किस कवि की है ?

(A) ○ बिहारी

(B) ○ **मतिराम (Correct Answer)**

(C) ○ भूषण

(D) ○ देव

**Question No.10 (Question Id - 93)**

निम्न में से कौन सी कहानी आदर्शपरक **नहीं** है ?

(A) ○ **कफन (Correct Answer)**

(B) ○ पंच परमेश्वर

(C) ○ बूढ़ी काकी

(D) ○ बड़े घर की बेटी

**Question No.11 (Question Id - 43)**

महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका का सम्पादन कब किया था ?

(A) ○

1903 ई. से 1920 ई. तक (Correct Answer)

(B) ○ 1902 ई. से 1920 ई. तक

(C) ○ 1900 ई. से 1920 ई. तक

(D) ○ 1905 ई. से 1915 ई. तक

**Question No.12 (Question Id - 55)**

' अपने-अपने पिंजरे ' किस लेखक की आत्मकथा है ?

(A) ○ भगवान सिंह

(B) ○ गुरदयाल सिंह

(C) ○ सूरजपाल चौहान

(D) ○ **मोहनदास नैमिषारण्य (Correct Answer)**

**Question No.13 (Question Id - 6)**

भट्ट नायक ने काव्य के शब्द व्यापार को निम्नलिखित में से किस आधार पर विभाजित किया है ?

(A) ○ अभिधा, तात्पर्या, व्यंजना

(B) ○ अभिधा, स्वकीया, परकीया

(C) ○ अभिधा, लक्षणा, व्यंजना

(D) ○ **अभिधा, भावकत्व, भोजकत्व (Correct Answer)**

**Question No.14 (Question Id - 99)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है ।

**अभिकथन (A) :**

द्विवेदी युग जागरण, सुधार एवं नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा का युग है ।

**तर्क (R) :**

क्योंकि गाँधी के व्यक्तित्व से अभिभूत तत्कालीन रचनाकार साहित्य रचना में प्रवृत्त थे ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए :

(A) ○ **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है ।

(B) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है ।

(C) ○ **(A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है । (Correct Answer)**

(D) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है ।

**Question No.15 (Question Id - 92)**

'बंग महिला' का वास्तविक नाम है :

(A) ○ श्रीमती मधुबाला घोष

(B) ○ श्रीमती अपर्णा घोष

(C) ○ **श्रीमती राजेन्द्र बाला घोष (Correct Answer)**

(D) ○ श्रीमती अनामिका घोष

**Question No.16 (Question Id - 59)**

निर्मल वर्मा की किस रचना को 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?

(A) ○ अंतिम अरण्य

(B) ○ **कव्वे और काला पानी (Correct Answer)**

(C) ○ रात का रिपोर्टर

(D) ○ चीड़ों पर चाँदनी

**Question No.17 (Question Id - 22)**
कबीर ने केवल भिन्न प्रतीत होती हुई परोक्ष सत्ता की एकता का आभास दिया था। प्रत्यक्ष जीवन की एकता का दृश्य सामने रखने की आवश्यकता बनी थी। यह जायसी द्वारा पूरी हुई।

जायसी के संदर्भ में उक्त कथन किस आलोचक का है ?

(A) ○ हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) ○ **रामचंद्र शुक्ल (Correct Answer)**
(C) ○ नामवर सिंह
(D) ○ रामविलास शर्मा

**Question No.18 (Question Id - 54)**
' चित्राधार ' शीर्षक कविता के रचयिता हैं :
(A) ○ महादेवी वर्मा
(B) ○ **जयशंकर प्रसाद (Correct Answer)**
(C) ○ अज्ञेय
(D) ○ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

**Question No.19 (Question Id - 94)**
'एक पति के नोट्स' उपन्यास के रचनाकार कौन है ?
(A) ○ उषा प्रियंवदा
(B) ○ राजकमल चौधरी
(C) ○ **महेन्द्र भल्ला (Correct Answer)**
(D) ○ मन्नू भण्डारी

**Question No.20 (Question Id - 65)**
'भारत सौभाग्य' नाटक के रचनाकार कौन हैं ?
(A) ○ **बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन' (Correct Answer)**
(B) ○ किशोरीलाल गोस्वामी
(C) ○ बालकृष्ण भट्ट
(D) ○ भारतेंदु हरिश्चंद्र

**Question No.21 (Question Id - 100)**
'परिंदे' कहानी के रचनाकार कौन है ?
(A) ○ दूधनाथ सिंह
(B) ○ **निर्मल वर्मा (Correct Answer)**
(C) ○ श्रीकान्त वर्मा
(D) ○ ममता कालिया

**Question No.22 (Question Id - 21)**
'दि सेकेन्ड सेक्स' की रचनाकार हैं ?
(A) ○ वर्जिनिया वुल्फ
(B) ○ वंदना शिवा
(C) ○ मेरी वॉल स्टोनक्राफ्ट
(D) ○ **सिमोन द बुवार (Correct Answer)**

**Question No.23 (Question Id - 3)**
ध्वनि भेद निरूपण के आधार हैं :
(A) ○ अलंकार, रस, रीति, वक्रोक्ति
(B) ○ **उपचार, वस्तु, अलंकार, रस (Correct Answer)**

(C) ○ प्रकृति, पुरुष, जगत, आत्मा
(D) ○ गुण, व्यंग्य, रीति, लक्षण

**Question No.24 (Question Id - 73)**
"प्रयोगवाद" शब्द का प्रथम प्रयोग किसने किया था ?
(A) ○ मुक्तिबोध
(B) ○ गिरिजा कुमार माथुर
(C) ○ अज्ञेय
(D) ○ **नन्ददुलारे वाजपेयी (Correct Answer)**

**Question No.25 (Question Id - 7)**

रसों के स्थायी भाव का **सही** मेल कीजिए :

| रस | स्थायीभाव |
|---|---|
| A. शान्त | I. निर्वेद |
| B. अद्भुत | II. विस्मय |
| C. वीभत्स | III. जुगुप्सा |
| D. रौद्र | IV. उत्साह |

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) ○ केवल (D)
(B) ○ **(A), (B) एवं (C) (Correct Answer)**
(C) ○ केवल (A)
(D) ○ केवल (B)

**Question No.26 (Question Id - 35)**
"कबीर की अपेक्षा खुसरो का ध्यान बोलचाल की भाषा की ओर अधिक था" - यह उक्ति किस आलोचक की है ?

(A) ○ डॉ. रामविलास शर्मा
(B) ○ **आचार्य रामचंद्र शुक्ल (Correct Answer)**
(C) ○ डॉ. धर्मवीर
(D) ○ आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

**Question No.27 (Question Id - 79)**
निम्न दो कथन दिये गये हैं :

**कथन (I) :**

नामवर सिंह के अनुसार हिन्दी कविता में व्यंग्य-काव्य का जितना सुन्दर विकास 'छायावाद' में हुआ, उतना कहीं नहीं ।

**कथन (II) :**

नामवर सिंह के अनुसार हिन्दी कविता में व्यंग्य या तो निराला ने लिखे या फिर नागार्जुन और केदार ने ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए :

(A) ○ दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** सही हैं ।
(B) ○ दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** गलत हैं ।
(C) ○ **कथन (I)** सही परन्तु **कथन (II)** गलत है ।
(D) ○ **कथन (I) गलत परन्तु कथन (II) सही है । (Correct Answer)**

**Question No.28 (Question Id - 62)**
श्रीधर पाठक द्वारा अनूदित पुस्तकों के नाम हैं :

A. एकांतवासी योगी

B. उजड़ ग्राम

C. श्रांत पथिक

D. देहरादून

E. भारतगीत

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) ○ A और D
(B) ○ A, B और D
(C) ○ A और E
(D) ○ **A, B और C (Correct Answer)**

**Question No.29 (Question Id - 89)**
"वेदना में एक शक्ति है जो दृष्टि देती है । जो यातना में है वह द्रष्टा हो सकता है ।" यह किसका कथन है ?

(A) ○ मुक्तिबोध
(B) ○ यशपाल
(C) ○ **अज्ञेय (Correct Answer)**
(D) ○ रामचन्द्र शुक्ल

**Question No.30 (Question Id - 33)**
भट्टकेदार ने किस सम्राट का गुण गाया है ?
(A) ○ विग्रहराज चतुर्थ का
(B) ○ **जयचंद का (Correct Answer)**
(C) ○ पृथ्वीराज का
(D) ○ अकबर का

**Question No.31 (Question Id - 81)**
निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है ।

**अभिकथन (A) :**

संभवत: 'कल्पना' शब्द का जितना अधिक प्रयोग और उसकी जितनी लोकप्रियता छायावाद के द्वारा मिली, उतनी पहले कभी न मिली थी ।

**तर्क (R) :**

'कल्पना ही उनकी वह शक्ति है, जिसके द्वारा वे अपने बन्धनों की सीमा में रहते हुए भी उन्मुक्त आकाश में विचरण करने का सुख लेते थे ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए :

(A) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है ।
(B) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) ○ **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है ।
(D) ○ **(A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है । (Correct Answer)**

**Question No.32 (Question Id - 72)**
प्रस्तुत आलोचनात्मक कथन किस आलोचक का है - "पंतजी की आभासित होनेवाली सामाजिकता में उतनी सामाजिकता नहीं है, जितनी निराला की आभासित होनेवाली वैयक्तिकता में है । पंत जी के आशावाद में भी उतनी शक्ति नहीं है, जितना निराला के निराशावाद में है ।"

(A) ○ विजय देव नारायण साही
(B) ○ रामविलास शर्मा
(C) ○ मुक्तिबोध
(D) ○ नामवर सिंह (Correct Answer)

**Question No.33 (Question Id - 95)**
'गोबर' पात्र का सम्बन्ध किस उपन्यास से है ?
(A) ○ मैला आँचल
(B) ○ गोदान (Correct Answer)
(C) ○ कोहबर की शर्त
(D) ○ आधा गाँव

**Question No.34 (Question Id - 76)**
निम्न दो कथन दिये गये हैं :

**कथन (I) :**

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल "श्रद्धा का व्यापार स्थल संकीर्ण है, प्रेम का विस्तृत" ।

**कथन (II) :**

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल "साहस-पूर्ण आनन्द की उमंड का नाम उत्साह है । कर्म-सौन्दर्य के उपासक ही सच्चे उत्साही कहलाते हैं ।"

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए :

(A) ○ दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** सही हैं ।
(B) ○ **कथन (I) गलत परन्तु कथन (II) सही है ।** (Correct Answer)
(C) ○ **कथन (I)** सही परन्तु **कथन (II)** गलत है ।
(D) ○ दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** गलत हैं ।

**Question No.35 (Question Id - 63)**
हीरा डोम की कविता 'अछूत की शिकायत' किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी ?
(A) ○ नवजीवन
(B) ○ सरस्वती (Correct Answer)
(C) ○ बहिष्कृत भारत
(D) ○ मूकनायक

**Question No.36 (Question Id - 87)**
पूर्वी हिन्दी की बोली **नहीं** है :
(A) ○ अवधी
(B) ○ छत्तीसगढ़
(C) ○ बघेली
(D) ○ ब्रज (Correct Answer)

**Question No.37 (Question Id - 20)**
'सिसोद्यो रुढ्यो म्हारो काई कर लेसी'

उक्त पंक्ति किसकी है ?

(A) ○ सहजो बाई

(B) ○ मीरा बाई (Correct Answer)

(C) ○ बहिणा बाई

(D) ○ जना बाई

**Question No.38 (Question Id - 58)**

सुमेलित कीजिए :

| पुरस्कार | रचनाएँ |
|---|---|
| A. व्यास सम्मान | I. अरण्या |
| B. साहित्य अकादमी | II. साकेत |
| C. मंगला प्रसाद पारितोषिक | III. चिदंबरा |
| D. ज्ञानपीठ पुरस्कार | IV. दुक्खम-सुक्खम |

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) ○ A - I, B - III, C - IV, D - II
(B) ○ A - IV, B - II, C - III, D - I
(C) ○ **A - IV , B - I , C - II, D - III (Correct Answer)**
(D) ○ A - IV, B - II, C - I, D - III

**Question No.39 (Question Id - 15)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है ।

**अभिकथन (A) :**

लोभ का प्रथम संवेदनात्मक अवयव है किसी वस्तु का बहुत अच्छा लगना ।

**तर्क (R) :**

लोभ आनन्द स्वरूप है ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए ।

(A) ○ **(A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है । (Correct Answer)**

(B) ○ **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है ।

(C) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है ।

(D) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है ।

**Question No.40 (Question Id - 2)**

अलंकार सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं :

(A) ○ **भामह (Correct Answer)**

(B) ○ आनन्द वर्धन

(C) ○ दण्डी

(D) ○ भरतमुनि

**Question No.41 (Question Id - 98)**

'बूँद और समुद्र' उपन्यास में बूँद और समुद्र का प्रतीकार्थ क्या है ?

(A) ○ राग और विराग

(B) ○ पुष्प और फल

(C) ○ जीवन और जगत

(D) ○ **व्यक्ति और समष्टि (Correct Answer)**

**Question No.42 (Question Id - 47)**

‘ कबीर-परिचाई ’ के लेखक कौन है ?

(A) धर्म दास

(B) कबीर दास

(C) **अनन्त दास (Correct Answer)**

(D) नंद दास

**Question No.43 (Question Id - 45)**

‘ यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है ।’ यह पंक्ति किसकी है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) **रामचंद्र शुक्ल (Correct Answer)**

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**Question No.44 (Question Id - 86)**

निम्न में से संयुक्त स्वर है :

(A) उ

(B) इ

(C) **औ (Correct Answer)**

(D) अ

**Question No.45 (Question Id - 48)**

गोकुलनाथ किसके पुत्र थे ?

(A) गोरख नाथ

(B) **बिठ्ठल नाथ (Correct Answer)**

(C) मछेन्द्र नाथ

(D) बल्लभ नाथ

**Question No.46 (Question Id - 44)**

सुमेलित कीजिए :

| लेखक | रचना |
|---|---|
| A. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला | I. तितली |
| B. जयशंकर प्रसाद | II. हार |
| C. सुमित्रानंदन पंत | III. काले कारनामें |
| D. प्रेमचंद | IV. मंगल सूत्र |

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) A - IV, B - II, C - III, D - I

(B) A - I, B - II, C - III, D - IV

(C) A - III , B - II , C - IV, D - I

(D) **A - III, B - I, C - II, D - IV (Correct Answer)**

**Question No.47 (Question Id - 52)**

इनमें से किस नाटक का नायक प्रवृत्ति और निवृत्ति या काम और आध्यात्म के द्वन्द्व से उत्पन्न तनाव से ग्रस्त है ?

(A) आषाढ़ का एक दिन

(B) आधे - अधूरे

(C) **लहरों के राजहँस (Correct Answer)**

(D)

पहला राजा

**Question No.48 (Question Id - 80)**
निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :**

'छायावाद' व्यक्तिवाद की कविता है, जिसका आरम्भ व्यक्ति के महत्त्व को स्वीकार करने और करवाने से हुआ।

**तर्क (R) :**

आधुनिकता, 'लीरिक' अथवा 'प्रगीत' इसी वैयक्तिकता के प्रतीक हैं। मध्य युग के संत भक्त और रीतिवादी कवि प्राय: निर्वैयक्तिक ढंग से अपनी बातें कहते थे।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए :

(A) **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है।
(B) **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है।
(C) **(A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है। (Correct Answer)**
(D) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**Question No.49 (Question Id - 11)**
प्राथमिक कल्पना और गौण कल्पना की संकल्पना निम्नलिखित में से किस काव्य चिंतक ने की ?
(A) आई.ए. रिचर्ड्स
(B) **एस.टी. कोलरिज (Correct Answer)**
(C) टी.एस. इलियट
(D) अरस्तू

**Question No.50 (Question Id - 42)**
'आनंद कादंबिनी' के संपादक कौन थे ?
(A) **बदरी नारायण चौधरी, ' प्रेमघन ' (Correct Answer)**
(B) अंबिका दत्त व्यास
(C) गणेश प्रसाद
(D) बालकृष्ण भट्ट

**Question No.51 (Question Id - 24)**
मधुबन ! तुम कत रहत हरे ?

विरहवियोग श्यामसुंदर के काहे न उकठि परे ?

उक्त काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) मीरा
(B) घनानंद
(C) **सूरदास (Correct Answer)**
(D) नंददास

**Question No.52 (Question Id - 50)**
इनमें से कौन वल्लभाचार्य के शिष्य **नहीं** थे ?
(A) कुम्भन दास
(B) परमानन्द दास
(C) **नंद दास (Correct Answer)**
(D) सूरदास

**Question No.53 (Question Id - 25)**

कविकुलकंठाभरण किस सम्प्रदाय का एक प्रसिद्ध ग्रंथ है ?

(A) ○ रीति सम्प्रदाय

(B) ○ वक्रोक्ति सम्प्रदाय

(C) ○ रस सम्प्रदाय

(D) ○ **अलंकार सम्प्रदाय (Correct Answer)**

**Question No.54 (Question Id - 5)**

'चरण कमल बंदौं हरिराई' - इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(A) ○ यमक

(B) ○ दीपक

(C) ○ अनुप्रास

(D) ○ **रूपक (Correct Answer)**

**Question No.55 (Question Id - 12)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :**

हृदय की मुक्तावस्था रस दशा कहलाती है।

**तर्क (R) :**

हृदय की इस मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द-विधान करती आई है उसे कविता कहते हैं।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए।

(A) ○ **(A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है। (Correct Answer)**

(B) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है।

(C) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(D) ○ **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है।

**Question No.56 (Question Id - 88)**

बिहारी हिन्दी के अन्तर्गत **नहीं** है :

(A) ○ मैथिली

(B) ○ मगही

(C) ○ **अवधी (Correct Answer)**

(D) ○ भोजपुरी

**Question No.57 (Question Id - 36)**

विद्यापति रचित 'पदावली' किस भाषा में रची गई है ?

(A) ○ खड़ी बोली

(B) ○ ब्रज

(C) ○ राजस्थानी

(D) ○ **मैथिली (Correct Answer)**

**Question No.58 (Question Id - 75)**

निम्न दो कथन दिये गये हैं :

**कथन (I) :**

रामविलास शर्मा " तुलसी की भक्ति समाज के लिये अफीम नहीं थी। वह जन-जागरण का एक साधन थी।"

**कथन (II) :**

रामविलास शर्मा "तुलसी हमारे जातीय जन-जागरण के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं ।"

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए :

(A) ○ **दोनों, कथन (I) तथा कथन (II) गलत हैं । (Correct Answer)**
(B) ○ **कथन (I)** सही परन्तु **कथन (II)** गलत है ।
(C) ○ **कथन (I)** गलत परन्तु **कथन (II)** सही है ।
(D) ○ दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** सही हैं ।

**Question No.59 (Question Id - 77)**

निम्न दो कथन दिये गये हैं :

**कथन (I) :**

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार अगर इस्लाम नहीं तो भी भक्ति साहित्य का बारह आना वैसा ही होता जैसा आज है ।

**कथन (II) :**

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मानते हैं कि भक्ति युग में देश में मुसलमानों का राज्य प्रतिष्ठित हो जाने पर हिंदू जनता के हृदय में गौरव, गर्व और उत्साह के लिये अवकाश न रह गया ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए :

(A) ○ **दोनों, कथन (I) तथा कथन (II) गलत हैं । (Correct Answer)**
(B) ○ दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** सही हैं ।
(C) ○ **कथन (I)** सही परन्तु **कथन (II)** गलत है ।
(D) ○ **कथन (I)** गलत परन्तु **कथन (II)** सही है ।

**Question No.60 (Question Id - 64)**

"अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है।" - यह संवाद किस पात्र का है ?

(A) ○ कुमारगुप्त
(B) ○ **स्कंदगुप्त (Correct Answer)**
(C) ○ पृथ्वीसेन
(D) ○ पर्णदत्त

**Question No.61 (Question Id - 51)**

"और उस मुख पर वह मुसक्यान ।

रक्त किसलय पर ले विश्राम

अरूण की एक किरण अम्लान

अधिक अलसाई हो अभिराम ।" - उपर्युक्त पंक्तियाँ कामायनी के किस सर्ग से संबंधित हैं ?

(A) ○ दर्शन
(B) ○ इड़ा
(C) ○ **श्रद्धा (Correct Answer)**
(D) ○ आशा

**Question No.62 (Question Id - 23)**

'मनुष्यत्व की सामान्य भावना को आगे करके निम्न श्रेणी की जनता में उन्होंने आत्मगौरव का भाव जगाया और भक्ति के ऊँचे से ऊँचे सोपान की ओर बढ़ने के लिए बढ़ावा दिया ।' रामचंद्र शुक्ल का यह कथन संबंधित है :

(A) ○ सूरदास से
(B) ○ तुलसीदास से
(C) ○ **कबीर से (Correct Answer)**
(D) ○ जायसी से

**Question No.63 (Question Id - 39)**
'भरतेश्वर बाहुबली रास' किस साहित्य की रचना है ?
(A) ○ सिद्ध-साहित्य
(B) ○ जैन-साहित्य (Correct Answer)
(C) ○ संत-साहित्य
(D) ○ नाथ-साहित्य

**Question No.64 (Question Id - 37)**
' रामचरित मानस ', में तुलसी केवल कवि रूप में ही नहीं, उपदेशक के रूप में भी सामने आते हैं ।" यह किसकी पंक्ति है ?
(A) ○ हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) ○ रामचन्द्र शुक्ल (Correct Answer)
(C) ○ रामस्वरूप चतुर्वेदी
(D) ○ महावीर प्रसाद द्विवेदी

**Question No.65 (Question Id - 4)**
'ध्वन्यालोक' के रचनाकार हैं :
(A) ○ अभिनव गुप्त
(B) ○ क्षेमेन्द्र
(C) ○ भरतमुनि
(D) ○ आनन्द वर्धन (Correct Answer)

**Question No.66 (Question Id - 71)**
'मेरी खोज भाषा की खोज नहीं है, केवल शब्दों की खोज है' प्रसिद्ध वक्तव्य किसका है ?
(A) ○ शमशेर
(B) ○ धूमिल
(C) ○ मुक्तिबोध
(D) ○ अज्ञेय (Correct Answer)

**Question No.67 (Question Id - 67)**
प्रगतिशील लेखक संघ के दूसरे अधिवेशन का 'सभापति' कौन था ?
(A) ○ प्रेमचंद
(B) ○ मुल्कराज आनंद
(C) ○ सज्जाद जहीर
(D) ○ रवीन्द्रनाथ ठाकुर (Correct Answer)

**Question No.68 (Question Id - 85)**
'उर्दू' शब्द का अर्थ है :
(A) ○ शाही शिविर (Correct Answer)
(B) ○ शाही भोजन
(C) ○ शाही सामान
(D) ○ शाही महल

**Question No.69 (Question Id - 78)**
निम्न दो कथन दिये गये हैं :

**कथन (I) :**

अज्ञेय मानते हैं कि किसी 'वाद' को मानने से व्यक्तिगत एवं स्वतंत्र विचार में बाधा पड़ती है, क्योंकि विचार की दृष्ठि से 'वाद' एक तरह की बन्द विचार-प्रणाली है ।

**कथन (II) :**

अज्ञेय के अनुसार " प्रयोग दोहरा साधन है, क्योंकि एक तो वह उस सत्य को जानने का साधन है, जिसे कवि प्रेषित करता है, दूसरे उस प्रेषण की क्रिया की ओर उसके साधनों को भी जानने का भी साधन है ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए :

(A) ○ दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** गलत हैं ।
(B) ○ **कथन (I)** गलत परन्तु **कथन (II)** सही है ।
(C) ○ **दोनों, कथन (I) तथा कथन (II) सही हैं । (Correct Answer)**
(D) ○ **कथन (I)** सही परन्तु **कथन (II)** गलत है ।

**Question No.70 (Question Id - 84)**

'ऋण जल धन जल' रचना किस विधा की रचना है ?

(A) ○ संस्मरण
(B) ○ इण्टरव्यू
(C) ○ डायरी
(D) ○ **रिपोर्ताज (Correct Answer)**

**Question No.71 (Question Id - 66)**

इनमें से हिंदी का पहला एकांकी किसे माना जाता है ?

(A) ○ चालमित्रा
(B) ○ पृथ्वीराज की आँखें
(C) ○ **बादल की मृत्यु (Correct Answer)**
(D) ○ रेशमी टाई

**Question No.72 (Question Id - 57)**

हरिवंशराय बच्चन की किस रचना को ' साहित्य अकादमी ' सम्मान प्रदान किया गया था ?

(A) ○ **दो चट्टानें (Correct Answer)**
(B) ○ क्या भूलूँ क्या याद करूं
(C) ○ मधुशाला
(D) ○ दश द्वार से सोपान तक

**Question No.73 (Question Id - 56)**

वर्ष 2009 का ज्ञानपीठ पुरस्कार इनमें से किसे दिया गया था ?

A. निर्मल वर्मा

B. अमरकांत

C. श्रीलाल शुक्ल

D. दिनकर

E. केदारनाथ सिंह

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) ○ **B एवं C दोनों को (Correct Answer)**
(B) ○ केवल A को
(C) ○ B एवं D दोनों को
(D) ○ A एवं E दोनों को

**Question No.74 (Question Id - 10)**

आई.ए. रिचर्ड्स ने निम्नलिखित में से किस काव्य सिद्धान्त का प्रतिपादन किया ?

(A) अनुकरण

(B) औदात्य

(C) **सम्प्रेषण (Correct Answer)**

(D) कल्पना और फैंसी

**Question No.75 (Question Id - 68)**

'तीसरा सप्तक' का कवि कौन है / हैं ?

A. केदारनाथ सिंह

B. कुँवरनारायण

C. विजयदेव नारायण साही

D. मदन वात्स्यायन

E. शमशेर

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) केवल A और E

(B) केवल A, B और E

(C) **केवल A, B, C और D (Correct Answer)**

(D) केवल A, B और C

**Question No.76 (Question Id - 16)**

निम्न दो कथन हैं :

**कथन (I) :**

यथार्थ किसी कथाकार के अस्तित्व की शर्त है ।

**कथन (II) :**

कथाकार यथार्थ में ही बंधा नहीं रह जाना चाहता ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) **कथन (I)** असत्य, परन्तु **कथन (II)** सत्य हैं ।

(B) **कथन (I)** सत्य, परन्तु **कथन (II)** असत्य हैं ।

(C) दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** असत्य हैं ।

(D) **दोनों, कथन (I) तथा कथन (II) सत्य हैं । (Correct Answer)**

**Question No.77 (Question Id - 34)**

आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गए हैं । उन्हें चढ़ाकर जैसे कुछ लोगों ने 'गीतगोविन्द' के पदों को आध्यात्मिक संकेत बताया है, वैसे ही विद्यापति के इन पदों को भी । - यह उक्ति किसकी है ?

(A) नामवर सिंह

(B) **रामचंद्र शुक्ल (Correct Answer)**

(C) नंददुलारे वाजपेयी

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**Question No.78 (Question Id - 32)**

बारह सै बहोत्तरा मझारि

जेठबदी नवमी बुधवारि ।

यह पंक्ति किस ग्रंथ के निर्माणकाल के संदर्भ में कही गई है ?

(A) खुमानरासो

(B) **बीसलदेवरासो (Correct Answer)**

(C) पृथ्वीराजरासो

(D) परमालरासो

**Question No.79 (Question Id - 74)**

निम्न दो कथन दिये गये हैं :

**कथन (I) :**

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी "कबीर दरिद्र और दलित थे, इसलिये अंत तक वे इस श्रेणी के प्रति की गयी उपेक्षा को भूल न सके । उनकी नस-नस में इस अकारण दंड के विरुद्ध विद्रोह का भाव भरा था"।

**कथन (II) :**

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी " .......... बुद्धदेव के बाद भारत में सबसे बड़े लोकनायक तुलसीदास थे । ये असाधारण प्रतिभा लेकर उत्पन्न हुए ।"

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए :

(A) दोनों, **कथन (I)** तथा **कथन (II)** गलत हैं ।

(B) **कथन (I)** गलत परन्तु **कथन (II)** सही है ।

(C) **कथन (I)** सही परन्तु **कथन (II)** गलत है ।

(D) **दोनों, कथन (I) तथा कथन (II) सही हैं । (Correct Answer)**

**Question No.80 (Question Id - 26)**

अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा लीन ।

अधम व्यंजना रस बिरस, उलटी कहत नवीन ।।

उक्त काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) नवीन कवि

(B) **देव (Correct Answer)**

(C) भूषण

(D) बिहारी

**Question No.81 (Question Id - 91)**

The below question has been dropped and full marks are awarded.

निम्न में से कौन 'हंस' पत्रिका से सम्बन्धित **नहीं** हैं ?

A. राजेन्द्र कुमार

B. राजेन्द्र यादव

C. नामवर सिंह

D. प्रेमचन्द

(A) केवल B सही है

(B) A और D सही हैं

(C) B और D सही हैं

(D) B और C सही हैं

**Question No.82 (Question Id - 9)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन** (A) तथा दूसरे को **तर्क** (R) से नामांकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :**

कविता में गोचर रूपों का विधान अधिक होता है।

**तर्क (R) :**

कविता में बिम्बात्मकता ही होती है।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए।

(A) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है।

(B) ○ **(A) सही, परन्तु (R) गलत है। (Correct Answer)**

(C) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(D) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**Question No.83 (Question Id - 83)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन** (A) तथा दूसरे को **तर्क** (R) से नामांकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :**

आलोचना के क्षेत्र में प्रगतिवाद ने साहित्य की मार्क्सवादी व्याख्या का नारा दिया जो आलोचकों के लिये काफी विचारोत्तेजक प्रतीत हुआ।

**तर्क (R) :**

फलत: आलोचना के क्षेत्र में प्रगतिवाद का सबसे अधिक विरोध हुआ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए :

(A) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है।

(C) ○ **(A) सही, परन्तु (R) गलत है। (Correct Answer)**

(D) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**Question No.84 (Question Id - 53)**

‘ ऐसी पिला के विश्व हो उठे एक बार तो मतवाला

साक़ी अब कैसा विलंब भर-भर ला तन्मयता हाला ’ - इन काव्य - पंक्तियों के लेखक हैं :

(A) ○ हरिवंशराय बच्चन

(B) ○ भगवती चरण वर्मा

(C) ○ **बालकृष्ण शर्मा ‘ नवीन’ (Correct Answer)**

(D) ○ नरेंद्र शर्मा

**Question No.85 (Question Id - 90)**

‘लिखि कागद कोरे’ निबन्ध के रचनाकार कौन है ?

(A) ○ **अज्ञेय (Correct Answer)**

(B) ○ नन्द दुलारे वाजपेयी

(C) ○ जैनेन्द्र

(D) ○ महावीर प्रसाद द्विवेदी

**Question No.86 (Question Id - 38)**

सुमेलित कीजिए :

| पत्रिकाएँ | संपादक |
|---|---|
| A. उदंत भार्तण्ड | I. बदरी नारायण चौधरी |
| B. हिन्दी प्रदीप | II. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र |
| C. हरिश्चंद्र चन्द्रिका | III. बालकृष्ण भट्ट |
| D. आनंद कादंबिनी | IV. युगुल किशोर शुक्ल |

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) ○ A - II, B - III, C - I, D - IV
(B) ○ A - III, B - IV, C - I, D - II
(C) ○ **A - IV, B - III, C - II, D - I (Correct Answer)**
(D) ○ A - I , B - II , C - III, D - IV

**Question No.87 (Question Id - 61)**

इनमें से कौन-सा कवि 'एक भारतीय आत्मा' के उपनाम से प्रसिद्ध है ?

(A) ○ विद्यापति
(B) ○ निराला
(C) ○ मैथिलीशरण गुप्त
(D) ○ **माखनलाल चतुर्वेदी (Correct Answer)**

**Question No.88 (Question Id - 8)**

अलंकारों तथा उनकी प्रकृति का सुमेल कीजिए :

| अलंकार | प्रकृति |
|---|---|
| A. उपमा | I. उपमेय, उपमान, साधारणधर्म, वाचक |
| B. रूपक | II. उपमेय में उपमान का निषेध रहित आरोप |
| C. उत्प्रेक्षा | III. एक वस्तु में दूसरी वस्तु की संभावना |
| D. अतिशयोक्ति | IV. उपमेय में उपमान का संशयात्मक ज्ञान |

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) ○ **(A), (B) तथा (C) (Correct Answer)**
(B) ○ (A) तथा (B)
(C) ○ केवल (D)
(D) ○ केवल (A)

**Question No.89 (Question Id - 82)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है ।

**अभिकथन (A) :**

प्रगतिवाद के सामाजिक यथार्थवादी दृष्टिकोण के कारण कविता में जितना परिवर्तन हुआ, उतना कहानी-उपन्यास के क्षेत्र में नहीं हुआ ।

**तर्क (R) :**

इसका कारण है कि प्रेमचन्द्र के युग से ही उपन्यास में यथार्थवादी प्रवृत्तियों का उदय हो गया था ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए :

(A) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है ।
(B) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) ○ **(A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है । (Correct Answer)**
(D) ○ **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है ।

**Question No.90 (Question Id - 19)**

इनमें से कौन सा उपन्यास 'थर्ड जेंडर' को आधार बनाकर लिखा गया है ?

(A) ○ **पोस्ट बॉक्स न. - 203, नाला सोपारा (Correct Answer)**

(B) ○ आओ पेपे घर चलें

(C) ○ कठगुलाब

(D) ○ आवाँ

**Question No.91 (Question Id - 46)**

'अन्याय जिधर, है उधर शक्ति ' - यह किस कवि की पंक्ति है ?

(A) ○ **सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (Correct Answer)**

(B) ○ जयशंकर प्रसाद

(C) ○ महादेवी वर्मा

(D) ○ रामधारी सिंह दिनकर

**Question No.92 (Question Id - 40)**

रामचन्द्र शुक्ल द्वारा प्रस्तावित नामकरण के अनुसार रीति-काल एवं आधुनिक काल के बीच में कितना अंतराल है ?

(A) ○ 225 वर्ष

(B) ○ **200 वर्ष (Correct Answer)**

(C) ○ 210 वर्ष

(D) ○ 250 वर्ष

**Question No.93 (Question Id - 28)**

निम्नलिखित काव्य-पंक्तियाँ किस कृति की हैं ?

रह चिर दिन तू हरी भरी

बढ़, सुख से बढ़, सृष्टि सुंदरी ।

(A) ○ पंचवटी

(B) ○ युगधारा

(C) ○ यशोधरा

(D) ○ **साकेत (Correct Answer)**

**Question No.94 (Question Id - 14)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है ।

**अभिकथन (A) :**

समस्त मानव-जीवन के प्रवर्तक भाव या मनोविकार ही होते हैं ।

**तर्क (R) :**

शील या चरित्र का मूल भी भावों के विशेष प्रकार के संगठन में ही समझना चाहिए ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए ।

(A) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है ।

(B) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) ○ **(A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है । (Correct Answer)**

(D) ○ **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है ।

**Question No.95 (Question Id - 13)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है ।

**अभिकथन (A) :**

कविता का समाज से अविच्छेद संबंध है ।

**तर्क (R) :**

कविता कला है ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए ।

(A) ○ **(A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है । (Correct Answer)**

(B) ○ **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है ।

(C) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है ।

(D) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है ।

**Question No.96 (Question Id - 60)**

'10 वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन' किस स्थान पर आयोजित किया गया था ?

(A) ○ सूरीनाम

(B) ○ जोहांसबर्ग

(C) ○ **भोपाल (Correct Answer)**

(D) ○ पोर्ट लुई

**Question No.97 (Question Id - 1)**

'रस की न उत्पत्ति होती है, न अनुमिति, न अभिव्यक्ति वरन् भुक्ति होती है ।' रस सिद्धान्त के सन्दर्भ में यह मान्यता किसकी है ?

(A) ○ शंकुक

(B) ○ **भट्ट नायक (Correct Answer)**

(C) ○ भट्ट लोल्लट

(D) ○ अभिनव गुप्त

**Question No.98 (Question Id - 49)**

**सूची - I** को **सूची - II** से मिलाइए :

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| A. नाभादास | I. 1478 ई. |
| B. सूरदास | II. 1493 ई. |
| C. परमानंद दास | III. 1533 ई. |
| D. नंददास | IV. 1570 ई. |

निम्न विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए ।

(A) ○ A - I , B - II , C - III, D - IV

(B) ○ A - II, B - III, C - IV, D - I

(C) ○ **A - IV, B - I, C - II, D - III (Correct Answer)**

(D) ○ A - IV, B - III, C - II, D - I

**Question No.99 (Question Id - 17)**

निम्न दो कथनों में से एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **तर्क (R)** से नामांकित किया गया है ।

**अभिकथन (A) :**

क्रोध जिसके प्रति उत्पन्न होता है उसकी हानि की चेष्टा की जाती है ।

**तर्क (R) :**

करुणा जिसके प्रति उत्पन्न होती है उसकी भलाई का उद्योग किया जाता है ।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, निम्न विकल्पों से **सर्वाधिक** उचित उत्तर चुनिए ।

(A) ○ **(A)** सही, परन्तु **(R)** गलत है ।

(B) ○ **(A)** गलत, परन्तु **(R)** सही है ।

(C) ○ **(A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है । (Correct Answer)**

(D) ○ **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है ।

**Question No.100 (Question Id - 31)**

रीति ग्रंथों का विकास अधिकतम किस क्षेत्र में हुआ ?

(A) ○ दक्षिण में

(B) ○ **अवध क्षेत्र में (Correct Answer)**

(C) ○ ब्रज क्षेत्र में

(D) ○ पूरब में

Save & Print